# राजकीय महाविद्यालय सराहाँ
## जिला सिरमौर (हि.प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2024-25

# सातवाँ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
## 12 मार्च 2025

### मुख्य अतिथि

**डॉ. प्रेम राज भारद्वाज**

प्राचार्य, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन,
जिला सिरमौर ( हि.प्र. )

### विशिष्ट अतिथि

**श्री बाबू राम चौहान**

( सेवानिवृत हवलदार, भारतीय सेना )

### प्रस्तुति

**डॉ. गुलशन कुमार धीमान**

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सराहाँ, जिला सिरमौर ( हि.प्र. )

# माननीय मुख्य अतिथि स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि आज हमारे महाविद्यालय के सातवें वार्षिकोत्सव में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. प्रेम राज भारद्वाज, प्राचार्य, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन ने मुख्य अतिथि का निमंत्रण सहजता से स्वीकार कर हमें अनुगृहित किया है। मैं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के इस पुनीत व पावन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम राज भारद्वाज का हार्दिक अभिनंदन, स्वागत करता हूँ। आपने अपनी व्यस्तताओं के बाबजूद हमारा आग्रह स्वीकार करते हुए इस बात की पुष्टि की है कि हमारे इस महाविद्यालय के प्रति आपका विशेष लगाव है। आपका सानिध्य पाकर हमारा महाविद्यालय परिवार हर्षित और पुलकित महसूस कर रहा है। आपकी गौरवमयी उपस्थिति हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है।

डॉ. प्रेम राज भारद्वाज का जन्म 15 मार्च 1967 को रोहड़ू जिला शिमला में हुआ। आपके पास एक समृद्ध शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। आपने राजकीय उच्च पाठशाला रोहडू से शिक्षा ग्रहण करने के बाद राजकीय महाविद्यालय संजौली से 1988 में B.Sc. में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। 1990 में आपने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से राजनीतिक शास्त्र में M.A, 1991 में M.Phil एवं 1999 में Ph.D की उपाधि ग्रहण की। आपने 1992–93 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य भी किया। 1994 में आप हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त हुए। 1995 में आपकी नियुक्ति कॉलेज प्रवक्ता के रूप में हुई। आपकी प्रथम नियुक्ति आपके गृह क्षेत्र रोहडू के महाविद्यालय सीमा में हुई। 1998 में आपका स्थानांतरण राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन के लिए हुआ, 2008 तक आप इसी महाविद्यालय में कार्यरत रहे। 2008 में आपका स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय पाँवटा साहिब के लिए हुआ। 2010 में वापिस नाहन में कार्यरत हुए। 2017 से 2019 तक आपने राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में अपनी सेवाएँ दी। 2019 से आपका स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय नाहन के लिए हुआ। अगस्त 2023 को आप राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह में प्राचार्य के पद पर नियुक्त हुए, सितंबर 2023 में आपका स्थानांतरण नाहन महाविद्यालय के लिए हुआ। वर्तमान में आप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में प्राचार्य के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं। आपकी थियेटर में गहरी रूचि है। आपने स्वयं भी विभिन्न नाटकों में अभिनय किया है। आपके निर्देशन में 5 शोधार्थियों ने Ph.D एवं 10 शोधार्थियों ने M.Phil की उपाधि ग्रहण की है। आपकी शोध में विशेष रूचि है। आपके विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में 30 शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। 2 पुस्तकें भी प्रकाशित हुई है। शैक्षणिक क्षेत्र में यह लंबी यात्रा आपके समर्पण, परिश्रम, शिक्षा और सेवा के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# विशिष्ट अतिथि का संक्षिप्त परिचय

मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित आज के विशिष्ट अतिथि श्री बाबू राम चौहान (सेवानिवृत्त हवलदार, भारतीय सेना) का भी हार्दिक स्वागत अभिनंदन करता हूँ। आपने इस कार्यक्रम में शामिल होकर हमें कृतार्थ किया है। श्री बाबू राम चौहान का जन्म 16 अप्रैल 1939 को हुआ। वर्ष 1957 में आपकी नियुक्ति भारतीय सेना में आरक्षी के पद पर हुई। आपने वर्ष 1962, 1965 तथा 1971 में हुए तीनों युद्धों में भाग लिया तथा जनवरी 1978 को भारतीय सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए। आपने सेना में एथलेटिक्स में सक्रिय भागीदारी को तथा 100 मीटर हर्डल्स में एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। आपने सभी ज़रूरतमंद बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर विभिन्न निजी एवं सरकारी सेवाओं हेतु तैयार किया तथा अब सेवानिवृत्ति के उपरांत अपनी पेंशन से लगातार पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में अपना बहुमूल्य सहयोग दे रहे हैं। आपने हिरण मगरी उदयपुर राजस्थान में लगभग 35 विकलांग बच्चों के ऑपरेशन हेतु आर्थिक सहायता दी। आपने स्थानीय पाठशाला बनाहाँ की सैर में अपनी पत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुगना देवी जी की स्मृति में एक लाख रूपये की सहयोग राशि दी। उसके उपरांत आपने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल शिकोर में एक लाख की राशि का सहयोग पुस्तकालय स्थापित करने के लिए प्रदान किया। 26 जनवरी 2024 को SDM सराहाँ के माध्यम से हिमाचल सरकार को सुखाश्रय योजना के लिए एक लाख रूपए की सहयोग राशि दी ।

इस वर्ष से आप राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को अपनी पत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुगना देवी की स्मृति में 5100 रू0 की छात्रवृति प्रदान कर इस छात्रवृति को निरंतर जारी रखने के लिए एक लाख रूपए की FDR महाविद्यालय को प्रदान कर रहे हैं। इस FDR के ब्याज से हर वर्ष बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के मेधावी विद्यार्थियों को 5100 रू0 की छात्रवृति निरंतर दी जाएगी। आपका जीवन समाज सेवा, समर्पण, संघर्ष व सफलता की अनूठी मिसाल है। आपके इस अतुलनीय एवं अविस्मरणीय योगदान के लिए महाविद्यालय परिवार आपका आभारी है। हमें बेहत प्रसन्नता है कि हमारे निमंत्रण पर सराहाँ के गणमान्य नागरिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अपना कीमती समय निकालकर हमारे मध्य उपस्थित रहे हैं। मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का भी स्वागत करता हूँ।

मुख्य अतिथि महोदय, अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2024–25 के अंतर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## महाविद्यालय परिचय

पच्छाद क्षेत्र के युवा–वर्ग को उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने और उन्हे अपनी अभिरूचियों व सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्येश्य से राजकीय महाविद्यालय सराहाँ का शुभारंभ 12 जून, 2014 को हुआ । यह महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध है और भारत सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त है । महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय में छात्र–छात्राएँ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस महाविद्यालय के विद्यार्थी परिश्रमी, अनुशासनप्रिय और सरल है। महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग निष्ठावान एवं परिश्रमी हैं जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

# महाविद्यालय का दृष्टिकोण (Vision)

हमारा महाविद्यालय एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक, सामाजिक और व्यवसायिक रूप से भी सशक्त करने का प्रयास करेगा। हमारा लक्ष्य एक ऐसे शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है जो नवाचार, अनुसंधान, उद्यमिता और नेतृत्व को प्रोत्साहित करे ताकि हमारे विद्यार्थी न केवल अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ बने, बल्कि समाज के जिम्मेदार नागरिक भी बने। हम एक समावेशी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना चाहते हैं जिसमें हर छात्र को समान अवसर मिले और वह अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग कर सके। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि विद्यार्थी व्यावहारिक ज्ञान और नवीनतम तकनीकी कौशल से सम्पन्न हो, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सके। नैतिकता और मूल्यों को बढ़ावा देना हमारे दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी केवल बौद्धिक रूप से ही नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी सशक्त बने। हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा समाज में सद्भाव, समानता और सेवा की भावना विकसित करने में सहायक होगी।

हमारा उद्येश्य विद्यार्थियों को केवल नौकरी करने के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उन्हें नवाचार और उद्यमिता के लिए भी प्रेरित करना है। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी आत्मनिर्भर बने और रोजगार पाने के बजाय रोजगार देने वाले बने।

# विद्यार्थियों की संख्या

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 240 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 43 छात्र तथा 197 छात्राएँ है। कला संकाय में 232 विद्यार्थी तथा शेष विद्यार्थी वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत है। शिक्षा के साथ–साथ खेल,स्वास्थ्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी यथा–संभव महाविद्यालय में महत्व दिया जा रहा है।

## वर्गीकृत विद्यार्थियों की प्रवेश सारणी (2024–25)

| Course | ClassWise Enrollment | GEN | | SC | | ST | | OBC | | IRDP | | Total-B | Total-G | Total-All |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | | | |
| BA | BA (Year 1 ) | 10 | 34 | 7 | 20 | 0 | 0 | 1 | 14 | 0 | 0 | 18 | 68 | 86 |
| | BA (Year 2 ) | 7 | 19 | 3 | 19 | 0 | 0 | 1 | 10 | 0 | 0 | 11 | 48 | 59 |
| | BA (Year 3 ) | 4 | 30 | 7 | 29 | 0 | 0 | 0 | 15 | 0 | 2 | | 76 | 87 |
| | **Total** | **21** | **83** | **17** | **68** | **0** | **0** | **2** | **39** | **0** | **2** | **40** | **192** | **232** |
| BCOM | BCom (Year 1 ) | 1 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4 | 6 |
| | BCom (Year 2 ) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | BCom (Year 3 ) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| | **Total** | **2** | **3** | **0** | **1** | **0** | **0** | **1** | **1** | **0** | **0** | **3** | **5** | **8** |
| **Graduation Classes** | **Total UG** | **23** | **86** | **17** | **69** | **0** | **0** | **3** | **40** | **0** | **2** | **43** | **197** | **240** |

**सभी वर्गों के कुल छात्र–छात्राओं की संख्या 240 है।**

**परीक्षा परिणामः– महाविद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय से बेहतर आए हैं जो इस प्रकार है–**

| कक्षा | उत्तीर्ण % |
|---|---|
| बी.ए. तृतीय वर्ष | 100% |
| बी.ए. द्वितीय वर्ष | 97% |
| बी.ए. प्रथम वर्ष | 92% |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 100% |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 100% |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 100% |

# शिक्षक–गैर शिक्षक/कर्मचारी वर्ग

महाविद्यालय में इस समय 9 शिक्षक, 1 पुस्तकालयध्यक्षा तथा 7 गैर शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत हैं। लिपिक के दो पद रिक्त हैं। इस वर्ष जो शिक्षक, गैर शिक्षक /कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए और उनके स्थान पर जो हमारे महाविद्यालय परिवार में सम्मिनिलत हुए, उनका विवरण इस प्रकार है:–

## आगमन

डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री बलबीर चतुर्थ कर्मचारी स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में आए हैं।

## प्रस्थान

श्रीमती श्यामा देवी चतुर्थ कर्मचारी का स्थानांतरण हुआ।

## सेवानिवृत्त

इस वर्ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर अपना कार्यकाल पूरा करके 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हुए।

## अभिभावक – प्राध्यापक संघ (PTA)

महाविद्यालय में अभिभावकों, छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करने एवं महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यो में महती भूमिका का निर्वहन करने के लिए विगत कई वर्षों से यह संघ कार्यरत है। सत्र 2024–25 के लिए सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन अभिभावक– प्राध्यापक संघ के लिए हुआ है।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री सुरेश शर्मा |
| उपाध्यक्ष | श्री अभिषेक कौंडल |
| सचिव | डॉ. सुध्यान नेगी |
| सह– सचिव | श्री ज्ञान सिंह |
| मुख्य सलाहाकार | श्री प्रदीप गौतम |
| कोषाध्यक्ष | श्री शम्भू नाथ |

इस सत्र में इस संघ ने महाविद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से जो निर्णय लिए , उनका विवरण इस प्रकार से है:–

महाविद्यालय मे विद्यार्थियों को इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के लिए कंप्यूटर में आवश्यक सॉफ्टवेयर के लिए 21,417 रूपये व्यय किए गए।

महाविद्यालय के वेबसाइट विकास के लिए 27,500 रूपये खर्च किए गए।

सफाई कर्मचारी के लिए प्रतिमाह 4000 वेतन दिए जाते हैं।

विद्यार्थियों को अंतर महाविद्यालय गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के लिए भी PTA से सहयोग मिलता रहता है। इस वर्ष हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी अंतर महाविद्यालय यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर गए थे। इसमें भी अतिरिक्त व्यय 20,000 PTA के माध्यम से खर्च किए गए। इसके अतिरिक्त समय–समय पर अन्य व्यय भी PTA के सहयोग से किया जाता है।

# "अभिव्यंजना पत्रिका"

महाविद्यालय की शैक्षणिक–सांस्कृतिक गतिविधियों का दर्पण तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की कलात्मक अभिव्यक्ति का मंच है। महाविद्यालय की वार्षिक "अभिव्यंजना पत्रिका" विभिन्न भाषाओं, अनुभागों एवं विद्यार्थियों की भाव–कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी शब्द–रंगों से चित्रित, सुसज्जित एवं सुशोभित पत्रिका महाविद्यालय की अनुपम अस्मिता है। इस पत्रिका के मुख्य संपादक का कार्यभार डॉ. राजन कौशल के पास है।

# छात्रवृत्तियाँ (2024–25)

वर्तमान सत्र में योग्य विद्यार्थियों के लिए कई छात्रवृतियां उपलब्ध है। इसमें अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति,कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना तथा विभिन्न प्रकार की राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों से महाविद्यालय के विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के 49 विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया है। इसमें लगभग 4 लाख रूपये निकट भविष्य में छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होने की संभावना है।

# पुस्तकालय

श्रीमती किरण कांत (पुस्तकालयध्यक्षा) के कुशल संचालन में क्रियाशील महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 765 पुस्तकें संग्रहित हैं। पुस्तकालय में पाँच दैनिक समाचार पत्र व सामान्य ज्ञान की किताबें भी विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा बौद्धिक विकास के लिए व्यवस्थित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सात मैग्जीन और चार कम्प्यूटर भी उपलब्ध है और इंटरनेट की सुविधा भी दी गई है। इसके साथ ही पढ़ने वाले विद्यार्थियों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए एक रीडिंग रूम की व्यवस्था भी की गई।

# केन्द्रीय छात्र परिषद (CSCA)

केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन प्रत्येक वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर होता है। केन्द्रीय छात्र परिषद का चुनाव इस सत्र में शैक्षणिक योगयता के आधार पर हुआ । अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव शैक्षणिक आधार पर मनोनीत किए गए:–

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | जागृति शर्मा |
| उपाध्यक्ष | हार्दिक जिंदल |
| सचिव | श्रुति शर्मा |
| संयुक्त सचिव | संचिता ठाकुर |

इन सभी पदाधिकारियों ने हमेशा महाविद्यालय के हित के लिए प्रशासन के साथ मिलकर सक्रिय योगदान दिया।

# इको क्लब (ECO CLUB)

महाविद्यालय में इको क्लब का गठन भी किया गया है, जिसका कार्यभार सहायक आचार्य प्रो.कृष्ण दत्त के निर्देशन में चल रहा है। इको क्लब समय–समय पर अनेक गतिविधियों का संचालन करता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य यह क्लब करता है।

# रेड रिबन क्लब (RED RIBBON CLUB)

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब संबंधी गतिविधियाँ राज्य एड्स सोसाईटी के दिशा निर्देशन के अनुरूप की जाती है। रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स दिवस अभियान के अवसर पर एड्स जागरूकता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें लघु नाटिका का मंचन, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। रेड रिबन क्लब का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मोल्लम डोलमा द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# नशा–विरोधी प्रकोष्ठ (ANTI - DRUG CELL)

समन्वयक प्रो. सुदेश कुमार के निर्देशन में सक्रिय इस प्रकोष्ठ द्वारा नशा–मुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। एंटी ड्रग सेल द्वारा नशा निवारण जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (ROAD SAFETY CLUB)

रोड़ सेफ्टी क्लब का प्रमुख उद्येश्य महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा तथा नियमावली की जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचाना है। इस क्लब के समन्वयक प्रो.सुदेश कुमार की देख–रेख में रोड़ सेफ्टी क्लब के तहत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ करवाई गई। यह क्लब समय–समय पर विद्यार्थियों को सड़क दुर्घअनाओं के बारे में जागरूक करता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

छात्रों के समग्र विकास की दृष्टि से उन्हें सामुदायिक व सामाजिक जीवन से जोड़ने के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई है। राष्ट्रीय सेवा योजना अपने सृजनात्मक व रचनात्मक सामाजिक कार्यों द्वारा समाज और विद्यार्थियों में जिम्मेवारी की भावना को जागृत करने में सफल रही है। इस उद्येश्य की पूर्ति के लिए यह इकाई वर्ष भर विभिन्न गतिविधियाँ करवाती है। "स्वयं से पहले आप " के ध्येय वाक्य पर कार्य करती है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना में 109 स्वयं सेवक पंजीकृत है। इस सत्र के दौरान इकाई ने सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान 53 स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिसमें 44 छात्राएं व 09 छात्र थे। प्रतिदिन अलग –अलग वक्ताओं ने शिविर में भाग ले रहे छात्रों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। NSS  इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार के दूरदर्शी व कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

## करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल

महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल सक्रिय रूप से कार्यरत है। इसमें प्रो. जगमोहन सिंह समन्वयक के रूप में कार्यरत है। इसका मुख्य उद्येश्य विद्यार्थियों को उनके रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना है जिसमें विद्यार्थियों को उनके भविष्य एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत समय–समय पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए इससे संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया जाता है और उन्हें कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा एवं विभिन्न समस्याओं के निवारण हेतु महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो छात्राओं के अधिकार एवं समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील व क्रियाशील है। समय – समय पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाया जाता है। इस सत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में लैंगिक समस्याओं से संबंधित विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

किसी भी संस्थान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निकाय है, जो महाविद्यालय के सभी गुणवत्ता मामलों के लिए उत्तरदायी है। महाविद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक योजना बनाना और पर्यवेक्षण करना आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण कार्य है। वर्तमान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रो. जगमोहन सिंह के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रहा है।

## पूर्व विद्यार्थी संगठन (OSA)

किसी भी संस्था के लिए उसके पूर्व विद्यार्थी बहुत बड़ी निधि होते हैं। महाविद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों से बहुत लाभ उठा सकता है, जिसमें वित्तीय सहायता, नवाचारी विचार, सेवा, सलाह, सहयोग के माध्यम से महाविद्यालय की

गुणात्मक अभिवृद्धि करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते है। पूर्व विद्यार्थियों के महत्व को देखते हुए राजकीय महाविद्यालय में भी पूर्व विद्यार्थी परिषद् का गठन हुआ है। पूर्व विद्यार्थी संगठन समय–समय पर अपने बहुमूल्य सुझाव देते हैं। इस वर्ष इस संगठन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा एकत्रित राशि से विद्यार्थियों को इन्डोर गेम्स की सुविधा उपलब्ध करवाई।

## अनुसंधान प्रकोष्ठ

इस वर्ष महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों में शोध की प्रवृत्ति उत्पन्न करने के लिए शोध विकास प्रकोष्ठ का गठन किया गया। समय समय पर इस प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के लिए शोध से संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया गया इसके साथ ही उन्हें शोध परियोजनाएँ भी दी गई। अनुसंधान प्रकोष्ठ का कार्यभार डॉ. राजन कौशल व डॉ. मोल्लम डोलमा के दिशा निर्देशन में चल रहा है।

## रोवर्स एवं रेंजर्स

महाविद्यालय में रोवर्स एवं रेंजर्स का कार्यभार सहायक आचार्य कृष्ण दत्त एवं सहायक आचार्य पिंयका सराव के निर्देशन में चल रहा हैं। इसमें कुल 32 रोवर्स एवं रेंजर्स हैं। जिसमें 12 रोवर्स और 15 रेंजर्स हैं।

## IT LAB

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गत वर्ष IT LAB की शुरूआत की गई। LAB में इंटरनेट की सुविधा से युक्त पाँच कम्पयूटर है। महाविद्यालय के विद्यार्थी छात्रवृति फॉर्म भरने, नामांकन भरने, परीक्षा फॉर्म भरने इत्यादि के लिए कम्पयूटर का प्रयोग करते हैं। यह लेब प्रो. सुदेश कुमार के निर्देशन में सुचारू रूप से चल रहा है।

## कॉलेज वेबसाइट

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ की अपनी कॉलेज वेबसाइट www.gcsarahan.edu.in है। यह वेबसाइट विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी सिद्ध हो रही है। महाविद्यालय की प्रवेश एवं परीक्षा फॉर्म भरने तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों से सम्बंधित सूचनाएं और महाविद्यालय की सभी प्रशासनिक जानकारियाँ इस वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## महाविद्यालय में सम्पन्न कुछ अन्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:–

- 22 जुलाई 2024 को बी.ए./बी.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में ओरिएंटेशन/ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने की ।

- 6 अगस्त 2024 को यूनाइटेड वेटरन एसोसिएशन पच्छाद के द्वारा तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर कुश्ती ग्राउंड सराहाँ में आयोजित किए गए मडिकल कैम्प और पौधा रोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के रोवर और रेंजर क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें पौधा रोपण एवं शहीद स्मारक के आसपास सफाई अभियान चलाया,साथ ही मैडिकल कैम्प में अपनी सेवाएँ दी ।

- 14 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में NSS इकाई एवं एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वाधान में "हर घर तिरंगा "एवं एंटी ड्रग जागरूकता संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा नशे के दुरूपयोग पर विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई गई ।इसके साथ ही एक जागरूकता रैली निकाली गई।

- 15 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया । इस समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी, रोवर व रेंजर स्वयंसेवी , रोड सेफटी क्लब के स्वयंसेवी व अन्य क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश भक्ति से संबंधित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।

- 17 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रोवर रेंजर एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में " एक पेड़ माँ के नाम " विषय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 120 विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने साथ मिलकर पौधारोपण किया, साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया ।

- 24 अगस्त 2024 को कैरियर गाइडेंस और काउंसलिंग सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए " भारतीय सेना में भर्ती " हेतु एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर्मी एजुकेशन कोर से सेवानिवृत श्री संजय राजन ने विद्यार्थियों को सेना में भर्ती के विभिन्न स्तरों, सामान्य सिपाही से लेकर कमीशंड ऑफिसर तक NDA,CDS व SSB के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

- 31 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय परिसर की सफाई के साथ पौधों की गुड़ाई भी की । इसके साथ ही "MY BHARAT PORTAL" पर स्वयंसेवियों का रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया ।

- 29 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में डॉ. राजन कौशल के नेतृत्व में सांस्कृतिक समिति द्वारा विद्यार्थियों के लिए "युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रकट किए जिनमें से हिमानी बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम, आशीष बी.ए प्रथम वर्ष ने दूसरा तथा साक्षी बी.ए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया।

- 31 अगस्त 2024 को करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए NIELIT द्वारा चलाए गए आई.टी. के विभिन्न कोर्सों के विषय में जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न वक्तागण श्री अजय शर्मा, भविष्य, खेम राज एवं विकास उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को कम्पयूटर कोर्सों से संबंधित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के विषय में अवगत कराया। आई.टी विशेषज्ञ श्री अनुप कुमार ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस विषय पर विद्यार्थियों को विशेष रूप से जानकारी दी ।

- 4 सितंबर 2024 को साइबर जागरूकता सेल एवं एनएसएस इकाई ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय सभागार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। साइबर जागरूकता सेल के संयोजक प्रो. सुदेश कुमार ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया, इसके साथ ही डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित करने के लिए तकनीकी समाधानों के अलावा जागरूकता की भूमिका पर ज़ोर दिया ।

- 5 सितंबर 2024 को डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर महाविद्यालय में अध्यापक दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थी आशिमा, महक और आशीष कुमार ने अध्यापक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी ।

- 6 सितंबर 2024 को " युवा दिवस " कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पच्छाद एवं महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नशा निवारण एवं HIV एड्स की रोकथाम विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान इन विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

- 09 सितंबर 2024 को "अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस" के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता रिटायर्ड हेल्थ सुपरवाइजर और समाज सेविका श्रीमती राकेश्वरी शर्मा ने विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करवाया।

- 10 सितंबर 2024 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं RRC सिरमौर के संयुक्त तत्वाधान में नाहन में आयोजित " मैराथन रेड रन " में सराहाँ महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के चार विद्यार्थियों हार्दिक जिंदल, प्रिया, विशाल शर्मा और रितिका शर्मा ने भाग लिया ।

- 11 सितंबर 2024 को रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। प्रो. सुदेश कुमार ने छात्रों को गोल्डन ऑवर एवं गुड सामरिटन जैसे विषयों पर जागरूक भी किया।

- 11 सितंबर 2024 को इको क्लब द्वारा स्वच्छता पर शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया ।

- 13 सितंबर 2024 को भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा गेयटी थियेटर शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के दो विद्यार्थी , हिमानी शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष ने भाषण प्रतियोगिता एवं साक्षी शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष ने निंबध प्रतियोगिता में भाग लिया ।

- 14 सितंबर 2024 को महाविद्यालय में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण, काव्य पाठ, श्रुतलेख, सुलेख एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने "सांस्कृतिक जागरूकता एवं उसमें संभावित शोध परिप्रेक्ष्य "पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

- 17 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा " सेवा से सीखें" कार्यक्रम के तहत 11स्वयंसेवियों के समूह ने सिविल अस्पताल सराहाँ में अपनी सेवाएं दी ।

- 24 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। इसमें स्वयं सेवियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान "स्वच्छता ही सेवा" विषय के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई ।

- 30 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान की थीम "स्वभाव– संस्कार स्वच्छता" के अधीन महाविद्यालय से नया बस स्टैंड तक स्वच्छता रैली निकाली गई एवं सफाई अभियान चलाया गया।

- 30 सितंबर 2024 को महाविद्यालय में यूथ फेस्टिवल ग्रुप–1 कमेटी द्वारा रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

- 2 अक्तूबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर और इसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान दोनों महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

- 4 अक्तूबर 2024 को साइबर जागरूकता सेल एवं एनएसएस इकाई ने "साइबर जागरूकता" कार्यक्रम आयोजित किया ।

- 16 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला कर्मचारियों और छात्रों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न ( रोकथाम, निषेध और निवारण) POSH ACT 2013 पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्या वक्ता महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मोल्लम डोलमा उपस्थित रहे।

- 16 अक्तूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय "यूथ फेस्टिवल ग्रुप–1" प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी शर्मा ने "क्ले मॉडलिंग" प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान डॉ. राजन कौशल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

- 18 अक्तूबर 2024 को सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग शिमला के सौजन्य से " शिरगुल सांस्कृतिक दल" एवं महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक , समूह गान एवं लोक नृत्य द्वारा HIV/AIDA जैसी गंभीर बीमारी पर विद्यार्थियों को जागरूक किया ।

- 24 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए महाविद्यालय केंदीय छात्र परिषद संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।इस दौरान सभी मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

- 25 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय में " ओल्ड स्टूडेंटस एसोसिएशन " का जनरल हाउस हुआ। इसमें OSA के अध्यक्ष आर्यन जिंदल ने विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अपने कुछ सुझाव दिए ।

- 26 अक्तूबर 2024 को डॉ. मोल्लम डोलमा के कुशल निर्देशन में "रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल " द्वारा संकाय व छात्रों के बीच अनुसंधान, नवाचार और विकास में जागरूकता के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता अंग्रेजी विभाग के प्रो. डॉ.राजन कौशल उपस्थित रहे।

- 28 अक्तूबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा " YEH DIWALI MY BHARAT WALI" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर तथा सराहाँ बाजार में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में दिवाली पर रंगोली बनाकर व दीये जलाकर दिवाली का जश्न मनाया।

- 6 नवंबर 2024 को "इगनाईटिंग द यंग माईंडस " नामक पहल के अंतर्गत "साहित्य किस प्रकार से जीवन की गुणवत्ता को ऊपर उठा सकता है" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान विशेषकर उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया जो कि हिन्दी या फिर अंग्रेजी साहित्य को एक विषय के रूप में नही पढ़ते।

- 7 नवंबर 2024 को महाविद्यालय में Electoral Literacy Club द्वारा विद्यार्थियों के लिए मतदाता नामांकन हेतु शिविर का आयोजन किया गया ।

- 14 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- 20 नवंबर 2024 को प्रदेश सरकार की ओर से गठित स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट समिति ने महाविद्यालय का निरीक्षण करके कॉलेज के तमाम पहलुओं का जायजा लिया और व्यक्तिगत तौर पर अपनी रैंकिंग की।

- 21 नवंबर 2024 को "इको क्लब" द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान दर्शदीप कौर ने, महक शर्मा ने दूसरा स्थान और कुमकुम गौतम ने तीसरा स्थान हासिल किया ।

- 21 नवंबर 2024 को "नशा निवारण इकाई" द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत स्थानीय लोगों को नशे की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया ।

- 26 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति शास्त्र विभाग के सौजन्य से संविधान दिवस के अवसर पर "संविधान एक जीवंत दस्तावेज"विषय पर पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आशिमा ठाकुर को प्रथम, श्रुति ठाकुर को द्वितीय तथा अन्वेषक शर्मा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- 29 नवंबर 2024 को "कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल" द्वारा विद्यार्थियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से "स्वरोजगार" पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमरस के उद्यमी एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रशिक्षक श्री प्रदीप गौतम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

- 30 नवंबर 2024 को डॉ. रीमा शर्मा के निर्देशन में संगीत विभाग द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्येश्य से गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान किरण बी.ए. प्रथम वर्ष ने, दूसरा स्थान विशाल बी.ए. प्रथम वर्ष ने तथा तीसरा स्थान कुसुम लता बी.ए. तृतीय वर्ष ने हासिल किया।

- 2 दिसंबर 2024 को " रेड रिबन क्लब "द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर "पोस्टर मेकिंग" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महक शर्मा, द्वितीय स्थान आयुष सिंह एवं तृतीय स्थान अर्चना ठाकुर ने हासिल किया।

- 5 दिसंबर 2024 को साइबर जागरूकता सेल एवं एनएसएस इकाई ने "साइबर जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. प्रियंका सराव ने विद्यार्थियों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

- 7 दिसंबर 2024 को करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल व आई.टी.आई सराहाँ के तत्वाधान में "राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम" एवं पी.एम. इंटरनशिप प्रोग्राम विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता आई.टी. आई. सराहाँ के इंस्ट्रक्टर श्री करमजीत सिंह उपस्थित रहे।

- 10 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार द्वारा "हमारा अधिकार, हमारा भविष्य" थीम के अंतर्गत मानव अधिकारों पर व्याख्यान दिया गया।

- 14 दिंसबर 2024 को राष्ट्रीय स्वयं सेवक इकाई के स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए क्षेत्र जोहानाघाट में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। "स्वच्छता ही सेवा" विषय के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने हनुमान मंदिर के परिसर और आस पास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया।

- 18 दिसंबर 2024 को आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में 15 विद्यार्थियों के लिए फूड प्रोसेसिंग से संबंधी कौशल सीखने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सराहाँ में स्थित हिमरस फूड प्रोडक्ट्स उद्यम से विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण लिया।

- 18 दिसंबर 2024 को साइबर जागरूकता क्लब द्वारा "साइबर जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंर्तगत इस विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

- 19 दिसंबर 2024 को विश्व एड्स दिवस अभियान के तहत एड्स जागरूकता के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव और जागरूकता का संदेश दिया। इसमें हिमाचल को एड्स मुक्त बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान रेड रिबन क्लब की ओर से एक मानव श्रृंखला भी बनाई गई।

- 20 दिंसबर 2024 को रेड रिबन क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया जिसके मुख्य वक्ता डा. रजत शर्मा मेडिकल ऑफिसर सिविल अस्पताल सराहाँ उपस्थित रहे।

- 31 दिसंबर 2024 से महाविद्यालय के शी हाट सराहाँ कें साथ हस्ताक्षर हुए एम.ओ. यू. के अंतर्गत महाविद्यालय के 09 विद्यार्थियों ने 40 घंटे का प्रशिक्षण शी हाट में प्राप्त किया जिसमें विद्यार्थियों ने "एन्टरप्रेन्योरशिप एवं होस्पिटैलिटी" संबंधी व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया।

- 10 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन (CSCA) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी।

- 13 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा "योग के महत्व" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें श्री जयचंद कौशल मुख्य वक्ता के रूप में उपथित रहे।

- 14 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद के संयुक्त तत्वाधान में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत मुख्य वक्ता (CDPO) अधिकारी श्री दीपक चौहान ने सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्राओं को दी। इस दौरान डॉ. नितिका ने छात्राओं को सही पोषण लेने और मासिक धर्म के समय स्वच्छता के महत्व के प्रति भी जागरूक किया।

- 19 फरवरी 2025 को डॉ. राजन कौशल के निर्देशन में महाविद्यालय की 3 छात्राएं हिमानी शर्मा, आशिमा ठाकुर व पलक ने डॉ. वाई.एस. परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं भाषण व कविता पाठ में भाग लिया, जिसमें हिमानी शर्मा ने भाषण में दूसरा स्थान हासिल किया।

- 21 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, हाई जंप, लाँग जंप, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो आदि खेल शामिल थे।

- 24 फरवरी 2025 को इको क्लब के द्वारा लगवाए गए फ्लावर पोट स्टैंड में विद्यार्थियों द्वारा रंग–रोगन किया गया।

- 25 फरवरी 2025 को करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रशासनिक सेवा अधिकारी डॉ. प्रियंका चंद्रा उपमंडलाधिकारी पच्छाद ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा के विभिन्न चरणों, आयामों एवं आवश्यक पुस्तकों के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

- सत्र 2024–25 में महाविद्यालय में "इगनाइटिंग द यंग माइंडस" पहल के तहत महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए "इन्टर डिपार्टमेंटल" व्याख्यान का आयोजन किया गया।

- इस वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए देश विदेश की जानकारी एवं नवीनतम ज्ञान की वृद्धि के लिए महाविद्यालय में डॉ. राजन कौशल के निर्देशन में न्यूज बुलेटिन की शुरूआत की गई।

- महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 11 से 17 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें 53 स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

- 01 मार्च 2025 को महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया।

- 03 मार्च 2025 को महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद के संयुक्त तत्वाधान में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान" के तहत दो दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता ASI श्री नरेश कुमार उपस्थित रहे।

## शिक्षक–वर्ग की शैक्षिक उपलब्धियाँ:

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ शिक्षकों का व्यक्तित्व विकास भी आवश्यक है। अतः हमारे शिक्षक भी प्रतिवर्ष व्यक्तिगत उपलब्धियों द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते हैं। इस सत्र में उनकी उपलब्धियाँ इस प्रकार हैः–

## डॉ. राजन कौशल, सहायक आचार्य (अंग्रेजी विभाग)

- Attended Six Day Faculty Development Programme on Enhancing Quality Assurance in Higher Education: Insights into NEP 2020 and NAAC Binary Accreditation Framework organised by Internal Quality Assurance cell, St.Bade's College, Shimla from 16th to 21th December 2024.
- His Poem 'Ma Balasundari Temple Trilokpur' has been published in the book 'Shrine Songs on Temple Tales' (An Anthology of Verses on the Myths and Folklore of Himachal Pradesh.

## प्रो. दिनेश कुमार सहायक आचार्य (राजनीतिक विज्ञान विभाग)

- Attended refresher course in the subject of Political Science at Kumaun University, Nainital (Uttarakhand) from 16th to 30th December, 2024 and obtained Grade "A+"

- Presented paper entitled "Religious Beliefs of Environmental Conservation in Sangarah Region of Dist. Sirmour, H.P." in a two day National conference at the UGC-Malviya Mission Teacher Training Centre, Kumaun University, Nainital from 24th to 25th December, 2024.

- He delivered a lecture as a Resource Person during the six days' In-Srvice Training Programme for PGTS/Lecturers organised by SCERT, Solan w.e.f. 05th August to 10th August, 2024.

- राजकीय महाविद्यालय मंगलौर हरिद्वार, उत्तराखण्ड में 22 व 23 फरवरी 2025 को भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "विषय विशेषज्ञ" के रूप में भाग लिया।

## डॉ. मोल्लम डोलमा सहायक आचार्य (हिंदी विभाग)

- केप कोमोरिन ट्रस्ट इण्डिया और जी.डी.सी राजपोरा के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन सेल द्वारा प्रायोजित 24 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक "Tools and Techniques of AI in Future Research and Higher Education" विषय पर साप्ताहिक संकाय संवर्धन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया।

- दिनांक 30 सितंबर से 04 अक्तूबर 2024 तक आयोजित " साहित्य का रचनाकर्म" विषयक पाँच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता निभाई।

- हिन्दी विभाग, विज्ञान एवं मानविकी संकाय, एस. आर. एम इंस्टीटयूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई द्वारा "हिन्दी नाटक एवं शोध प्रविधि" विषय पर दिनांक 02 दिसंबर से 08 दिसंबर 2024 तक आयोजित 7 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया।

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक एवं गुरू विद्यापीठ रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 09–10 जनवरी 2025 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और " वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा" विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया।

- पियर रिव्यूड अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका "बोहल शोध मंजूषा" में "वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा" विषय पर शोध आलेख प्रकाशित हुआ।

## प्रो. सुदेश कुमार, सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग)

- राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित 23 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक " Harnessing AI Tools: A Step Towards Strategic Teaching Approach" पर राष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन साप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया।

## • डॉ. रीमा शर्मा, सहायक आचार्य (संगीत विभाग)

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन सेल द्वारा 16 दिसंबर से 21 दिसंबर 2024 तक सेंट बिड्स कॉलेज शिमला में आयोजित " Enhancing Quality Assurance cell in Higher Education" पर छ: दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम पूरा किया।

## • प्रो. कृष्ण दत्त सहायक आचार्य (इतिहास विभाग)

राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा आयोजित 23 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक "Harnessing AI Tools: A step towards strategic Teaching Approach" पर राष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया।

- Participated in one week online faculty development program on "Indic Local Self Governance: The Indigenous Roots" organized by B.R.B College of Commerce, Raichur, Karnataka from 30th Dec, 2024 to 4th January, 2025.

- Attended a six day Faculty Development Programme on "Enhancing Quality Assurance Cell in Higher Education Insights into NEP 2020 and NAAC Binary Accreditation Framework" organised by Internal Quality Assurance Cell, St. Bede's College, Shimla from 16th to 21th December, 2024.

## प्रो. प्रियंका सराव, सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग)

- Attended three day multidisciplinary International virtual Confrence on " Digital Revolution in Cultural Preservation" convened by Sri Vidhyodhaya College of Education, Villupuram, Tamil Nadu from 6th August, 2024 to 8th August,2024 also Published and presented a paper entitled "A study of Consumers's Environmental Attitude and Its impact on Green Purchasing Behaviour in Northern India."

- Paper published entitled "The Current Status and Globel trends of diversity management: A bibliometric analysis" in the peer reviewed International Journal of Research in management.

- Paricipated in the one week online National Level Feculty Development Programme on "Harnesing AI Tools: A step towards Strategic Teaching Approach" organized by Govt. College Karsog from 23th to 28th December, 2024.

- Participated in the National Awareness Seminar Organised by the Department of commerce HPU , Shimla from January 27 to February 1,2025.

- Attended Induction Training Programme at SCERT, Solan from 21th to 26th October 2024.

# आभार

अंत में, मैं मुख्य अतिथि आदरणीय डॉ. प्रेम राज भारद्वाज जी और विशिष्ट अतिथि श्री बाबू राम चौहान जी का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से हमारे लिए समय निकाला एवं हमारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया है। यहाँ उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस उत्सव में शामिल होकर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है। सराहाँ के स्थानीय प्रशासन पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग तथा मीडिया का आभार व्यक्त करता हूँ कि समय–समय पर हमें इनसे अपेक्षित सहयोग मिलता रहा। मैं शिक्षक –अभिभावक संघ के पदाधिकारियों तथा इस अवसर पर आए सभी अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होने अपना बहुमूल्य समय निकालकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और आज के इस समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में, मैं उन सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जिन्होंने शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम, गुरूओं तथा माता –पिता का नाम रोशन किया है। जिन्हें इस वर्ष पुरस्कार नहीं मिला, वे उन सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर अगली कक्षा तथा इस सत्र में परिश्रम द्वारा योग्यता और सफलता प्राप्त करें। इसके साथ ही मैं सभी विद्यार्थियों के सुखद, सफल तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।

धन्यवाद।

जय हिंद। जय हिमाचल

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ
जिला सिरमौर (हि.प्र)